मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

स्मार्ट-गोबर

रामपुरिया गांव के स्वयंभू वैज्ञानिक गबडू लाल ने जब प्रधानी के चुनाव में कदम रखा, तो उन्होंने पारंपरिक विकास की बलि चढ़ा दी। उनका चुनावी मुद्दा था–गोबर का डिजिटलाइजेशन। गबडू लाल का तर्क था कि जिस गांव का पशुधन केवल सड़क पर कीचड़ फैला रहा है, वह गांव कभी आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव में गोबर-माइनिंग सेंटर खोलेंगे, जहाँ हर गाय और भैंस के गोबर को ऑर्गेनिक बिटकॉयन्स में बदला जाएगा। उनका दावा था कि इस गोबर से ऐसी गैस बनाई जाएगी जो न केवल चूल्हा जलाएगी, बल्कि ग्रामीणों के दिमाग की जंग लगी बत्तियां भी रोशन कर देगी। गांव के लोग, जो अब तक गोबर को सिर्फ उपले बनाने के काम लाते थे, अचानक उसे काला सोना समझकर अपनी तिजोरियों में रखने का सपना देखने लगे। गबडू लाल ने एक पुराने जेनरेटर पर पेंट करके उसे गोबर-प्रोसेसर घोषित कर दिया था, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग अपनी नाक दबाकर आने लगे थे।

प्रचार के अंतिम चरण में गबडू लाल ने गांव के अखाड़े के पास एक नेचर-स्कैनर लगाया। यह वास्तव में एक टूटा हुआ सीसीटीवी कैमरा था जिसे उन्होंने एक नीम के पेड़ पर रस्सी से बांध दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि यह कैमरा गांव के हर पशु की मानसिक स्थिति और उसके आउटपुट की क्वालिटी पर नज़र रख रहा है। जो भी ग्रामीण गबडू लाल को वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसकी भैंस का गोबर सीधे प्रीमियम ग्रेड में रजिस्टर होगा और उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के भाव बेचा जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार बुधु राम नाली-खड़ंजे की पुरानी रट लगा रहे थे, लेकिन जनता को तो गोबर में डॉलर छपते दिख रहे थे। गबडू लाल ने एक लाउडस्पीकर पर गायों की डकार की आवाज़ें रिकॉर्ड करके चला दीं, जिसे उन्होंने प्रकृति का अप्रूव्ड बताया। लोग अपने जानवरों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने लगे ताकि गबडू लाल की मशीन में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो सके।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और गबडू लाल भारी बहुमत से जीत गए, पूरा गांव अपनी गोबर-रसीद और डॉलर का हिस्सा मांगने उनके घर पहुंचा। गबडू लाल ने बड़े इत्मीनान से एक बड़ा सा कड़ाहा खोला जिसमें ताज़ा गोबर भरा था और सबको एक-एक फावड़ा थमा दिया। जनता हक्की-बक्की रह गई, हुज़ूर, हमारे डॉलर और बिटकॉयन्स कहाँ हैं? गबडू लाल ने अपनी मूंछें पर ताव देते हुए गंभीर आवाज़ में कहा– मूर्खों! असली बिटकॉयन्स तो यही गोबर है। मैंने तो सिर्फ तुम्हें यह एहसास कराया कि तुम लोग पांच साल तक इसी में सने रहने के लायक हो! डॉलर तो वे थे जो मैंने तुम्हारे चंदे से बटोर कर अपनी नई एसयूवी की किस्त भर दी। अब इस गोबर को उठाओ और अपने खेतों में डालो, क्योंकि लोकतंत्र का असली स्वाद तो इसी की सड़ांध में छिपा है। जनता सब खड़ी अपने हाथों में फावड़ा पकड़े एक-दूसरे का मुंह ताक रही थी, जबकि गबडू लाल अपनी नई गाड़ी का सायरन बजाते हुए वेस्ट मैनेजमेंट का सरकारी फंड डकारने शहर की ओर निकल पड़े।

महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर। शहर के शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के अधिकार को लेकर छात्रों की महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एनएसयूआई ने प्राचार्य एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरज़ा कुरैशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे। ज्ञापन में प्रमुख रूप से महाविद्यालय में एलएलबी,बीबीए और एमएससी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग उठाई गई। एनएसयूआई का कहना है कि सारंगपुर क्षेत्र के कई मेधावी छात्र आर्थिक तंगी के चलते बाहर जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। वहीं दूरी और सुरक्षा कारणों से कई अभिभावक अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ रहते हैं। छात्र नेताओं ने बताया कि यदि ये कोर्स स्थानीय स्तर पर शुरू किए जाते हैं तो न केवल क्षेत्र के छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि विशेष रूप से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान महाविद्यालय उपाध्यक्ष देव गुर्जर, सचिव रामपाल हाड़ा, कैफ मंसूरी, अरुण भिलाला, कपिल कराड़ा सहित एनएसयूआई की पूरी टीम उपस्थित रही।

अंत में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरज़ा कुरैशी ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन पाठ्यक्रमों को जल्द से जल्द महाविद्यालय में प्रारंभ किया जाए, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

जाति प्रमाण पत्र जारी रखने की मांग को लेकर पाल समाज ने सौंपा ज्ञापन

पहले जाति प्रमाण पत्र जारी फिर किया बंद

सारंगपुर। सारंगपुर तहसील के पाल समाज के लोगों द्वारा अपनी समाज के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कई दिनों से जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारीयो के चक्कर लगा रहे थे लगातार प्रयास के बाद मुश्किल से उनके कुछ जाति प्रमाण पत्र बन पाए कि अचानक से फिर उनका जाति प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया।

इसी को लेकर पाल समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्झेरे के नाम ज्ञापन देना चाहा किंतु मौके पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार नहीं मिले तो समाज के प्रतिनिधियों ने उनके नाम का ज्ञापन बाबू करण परिहार को सौंपकर समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाल समाज के लोग लगभग 23 गांवों में निवास करते हैं, जिनकी कुल आबादी करीब 20 हजार है। समाज की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग में आती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में पाल समाज के कई लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं, लेकिन वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते समाज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और प्रवेश प्रक्रियाओं में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, जो समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस दौरान समाजजनों ने बताया कि पहले एसडीएम कार्यालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे, लेकिन अब किसी कारणवश प्रक्रिया बाधित हो गई है, जिससे विद्यार्थियों और आम लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। पाल समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नपा पार्षद गोपाल पाल,शिवराज पाल,दिनेश पाल सरपंच,जीवन पाल,जुगेश पाल,कमल पाल,लोकेंद्र पाल,राम कृष्ण पाल सहित कई लोग लोग उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

सैलाना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

सैलाना में धार्मिक आस्था और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला, जहां श्री गोधूलिया हनुमान जी मंदिर प्रांगण, गौशाला के सामने श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व हनुमान जी मंदिर में विशेष पूजा-पाठ एवं आरती संपन्न हुई, जिसके बाद वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत प्रवक्ता संत बालकृष्ण जी नागर (खेड़ापीपलोदी, रतलाम) द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर उन्होंने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली है। उन्होंने भक्ति, सत्संग और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से कथा श्रवण किया। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

आयोजन समिति द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने की अपील की गई है। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

भाजपा नगर मण्डल ने मीसाबंदीयो के घर-घर पहुंच कर स्वागत किया,महिला मोर्चा ने मिस कॉल किया

बड़वाह। गांव-गली-वार्ड चलो अभियान के तहत भाजपा नगर मण्डल ने सोमवार को भ्रमण किया। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओ ने घर-घर जाकर डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही मीसाबंदीयो के घर पहुंच कर स्वागत किया। नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता एवं महामंत्री महेंद्र अमई ने कार्यकर्ताओ के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता मीसाबंदी रामकिशन जायसवाल,प्यारेलाल प्रजापति एवं अ.जा.समाज के वरिष्ठ सदस्य रामचरण लोठ के निवास पर पहुंच कर शाल-श्रीफल एवं

पुष्पहार पहना कर स्वागत किया गया। साथ ही जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व ऐतिहासिक निर्णयों को विस्तार से बताया भी। जैसे ही भाजपा टीम मीसाबंदीयो के घर स्वागत करने पहुंची तो वरिष्ठ कार्यकर्ता व परिवार जन उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा आपातकाल में प्रधानमन्त्री रही इंदिरा गांधी एवं उनकी सरकार का विरोध करने विपक्ष के सभी बड़े-छोटे नेताओं एवं कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया था। जिसमे बड़वाह के भी कई लोग शामिल थे। ऐसी स्थिति में कार्यकर्ताओ ने संघर्ष किया था। उस समय मीसाबंदीयो एवं उनके परिवार ने बहुत संघर्ष किया था। कार्यकर्ताओ ने कहा आज हम पार्टी के प्रीति इनकी निष्ठा का जितना सम्मान करे उतना कम है।वही महिला मोर्चा ने पार्षद रजनी भंडारी के घर नारी शक्ति कार्यक्रम को टीवी पर प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सुन मोबाईल पर मिस कॉल दिया।इस दौरान महीम ठाकुर,बब्लू साहू,धनलक्ष्मी शर्मा,दीपक ठाकुर,रूपसिंह रावत,रोमेश विजयवर्गीय,पार्षद रजनी भंडारी,गौतम खंडेलवाल,रवि ऐरण,मिक्की चौहान,राहुल वर्मा,अधिश सोनी,विजय वर्मा,मीणा चौहान,सुरेश वाघे,लखन गडगोती,प्रशांत शर्मा,रवि वर्मा,शिवा वर्मा,रुपाली जैन सहित समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मोजूद थे।

लोकतंत्र सेनानी लीलाधर वशिष्ट का निधन,विधायक अंतिम यात्रा में हुए शामिल

आष्टा। आष्टा नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मीसा बंदी,लोकतंत्र सेनानी लीलाधर वशिष्ट का आज दुखद निधन हो गया। श्री वशिष्ट के निधन का समाचार मिलते ही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मप्र शासन के प्रतिनिधि के रूप में एवं तहसीलदार आरएल पगारे प्रशासन की ओर से उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए एवं उनेह गार्ड ऑफ ऑनर दे कर तिरंगा ध्वज ओढ़ाया गया। वार्ड 18 की बूथ समिति के अध्यक्ष सुरेश परमार,सुशील संचेती, मनोहर भोजवानी,अनिल धनगर,पार्षद प्रतिनिधि कालु मुकाती,सौरभ शीतल ने वार्ड के वरिष्ठ नेता के निधन पर भाजपा का झंडा ओढ़ा कर उनेह श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय शमशान घाट पर श्री लीलाधर जी वशिष्ट के पुत्र सुनील वशिष्ट,सतीश वशिष्ट, संतोष वशिष्ट को तत्काल मिलने वाली 10 हजार की सम्मान निधि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सौपी एवं परिजनों को कहा कि शोक की इस घड़ी में हम सब आप सब के साथ है।

जनवादी लेखक संघ का आयोजन

रचनाकार की बेचैनी उसे लिखने के लिए प्रेरित करती है- प्रो. चौहान

रतलाम। रचनाकार के भीतर एक बेचैनी होती है जो उसे लिखने के लिए प्रेरित करती है। प्रत्येक रचनाकार अपनी परिस्थितियों और परिवेश से बहुत कुछ सीखता है और उसके अनुरूप हर वक्त कुछ नया रचने की कोशिश करता है। स्व.मदन वर्मा ने भी अपने भीतर के उस रचनाकार को कभी मरने नहीं दिया और सदैव नया से नया रचते रहे। उनकी लिखी हुई रचनाएं आज भी प्रासंगिक है इसका कारण यही है कि वे सदैव जन सरोकारों से जुड़कर रहे और उन्होंने समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया।

उक्त विचार जनवादी लेखक संघ द्वारा आयोजित श्रंखला %एक रचनाकार का रचना संसार% की 12वीं कड़ी में दिवंगत रचनाकार मदन वर्मा पर केंद्रित आयोजन में वरिष्ठ कवि एवं अनुवादक प्रो. रतन चौहान ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी रचनाकार के लिए यह आवश्यक होता है कि वह निरंतर सृजनरत रहे। मदन वर्मा ने अपने जीवन में यह निरंतर जारी रखी और वे बहुत कुछ करना चाहते थे। उन्होंने कई क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया भी।

वरिष्ठ रंगकर्मी ओमप्रकाश मिश्र ने मदन वर्मा के जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उनमें असीम ऊर्जा थी। वे निरंतर गीत लिखते भी रहे, उसका संगीत भी तैयार करते रहे और उन गीतों को विद्यार्थियों के बीच में पहुंचाते भी रहे। वरिष्ठ रंगकर्मी कैलाश व्यास ने कहा कि रचनाकार के भीतर एक नई उम्मीद जगाने की प्रेरणा होती है। वह सदैव अपने मन के भीतर के युवा स्वर को एक खुला आकाश प्रदान करना चाहता है। उन्होंने इस संदर्भ में प्रो. रतन चौहान की कविता की व्याख्या करते हुए उन्हें वर्तमान संदर्भों से जोड़ा।

जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष युसूफ जावेदी ने कहा कि मदन वर्मा में हास्यबोध भी था। वे अपने साथी रचनाकारों के साथ बहुत मिलन सारिता के साथ कार्य करते थे।

इन्होंने पढ़ीं रचनाएं

आयोजन में स्व.मदन वर्मा की रचनाओं का पाठ किया गया। रणजीत सिंह राठौर, नानू डामोर, मांगीलाल नगावत, कीर्ति कुमार शर्मा, डॉ.एन. के .शाह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, आई.एल. पुरोहित, रचना चंद्रावत, हीरालाल खराड़ी, आशा श्रीवास्तव, पद्माकर पागे, पूजा चोपड़ा, लक्ष्मण पाठक, मुकेश सोनी, जवेरीलाल गोयल, योगिता राजपुरोहित, गीता राठौर, श्याम सुंदर भाटी ,कला डामोर ने रचनाएं पढ़ी। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया तथा आभार जनवादी लेखक संघ सचिव रणजीत सिंह राठौर ने व्यक्त किया।

महिला संगोष्ठी 26 अप्रैल को

जनवादी लेखक संघ द्वारा 26 अप्रैल रविवार को प्रातः 11 बजे भगत सिंह पुस्तकालय, शहर सराय, रतलाम पर महिला संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह %एक रचनाकार का रचना संसार% श्रृंखला की 13वीं कड़ी में 10 मई को दिवंगत कवि ललिता शंकर सुरोलिया की रचनाओं का पाठ एवं चर्चा होगी। जनवादी लेखक संघ ने सुधिजनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

10 दिन की मेहनत से बदली तस्वीर–अब बुजुर्गों और युवाओं को मिलेगी बड़ी राहत

सैलाना हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान बना फिर से ग्रीन ग्राउंड

सैलाना नगर के एक प्रसिद्ध हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। लंबे समय से गाजर घास और पत्थरों से भरे इस मैदान को मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के युवाओं ने करीब 10 दिन की कड़ी मेहनत से साफ-सुथरा और खेल योग्य बना दिया।

पहले जहां सुबह-शाम टहलने आने वाले बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, वहीं अब साफ मैदान मिलने से सभी में खुशी की लहर है। मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफाई अभियान चलाया गया। पूरे मैदान से गाजर घास हटाई गई, पत्थरों को हटाकर रोलर से दबाया गया, जिससे मैदान समतल और सुरक्षित बन सका। क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए नया विकेट भी तैयार किया गया, जिसके लिए बाहर से विशेष मिट्टी मंगाकर तैयार किया गया।

इस कार्य में विकेट स्पेशलिस्ट कुलदीप सिराना (बबल धभाई) के मार्गदर्शन में दीपक माईडा, रतन खत्री, समीर खान, केशर सिंह गोयल, जितेंद्र पडियार, शांतिलाल कसेरा, मोनू धभाई, ललित चंदेल, विनय ग्वाले, बाबू खान, विजय ग्वाले, कपिल, पवन, मीकू सहित मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के समस्त सदस्यों ने दिन-रात मेहनत कर मैदान को नया रूप दिया।

अब यह मैदान न केवल क्रिकेट गतिविधियों के लिए तैयार है, बल्कि सुबह-शाम टहलने आने वाले बुजुर्गों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आया है। आने वाले दिनों में यहां क्रिकेट आयोजनों की भी शुरुआत होगी, जिससे युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। आने वाले दिनों में यहां क्रिकेट टूर्नामेंट और अन्य खेल गतिविधियों की शुरुआत भी होगी, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा और क्षेत्र में खेल संस्कृति को नया बढ़ावा मिलेगा।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी. (डीजल) पश्चिम रेलवे, रतलाम-457001 द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उक्त का विवरण निम्नानुसार है- **ई-निविदा सं.: M-DL-EL91-700234-R1 कार्य का नाम:** Annual Annual Maintenance Contract for Electric Loco Cab Air Conditioners at Locomotive Care Centre, Ratlam for the period of 01 Years. **कार्य की अनुमानित लागत: ₹48,50,944.66** (रु. अड़तालीस लाख पचास हजार नौ सौ चौवालीस एवं छियासठ पैसे) (सभी करों के साथ) **बयाना राशी: ₹ 97,000/-** (रु. सत्तानवे हजार मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क **कार्य की अवधि:** 36 माह **आफर की वैधता:** 60 दिन **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की तिथि एवं समय:** 02.05.2026 11:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि:** 02.05.2026 11:30 बजे। यह टैंडर वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिये साथ ही निविदाकार का IREPS पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य है। उक्त ई-टेण्डर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। V/539

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मांगीलाल विजयपुरिया पिता श्री जगन्नाथ वर्मा, के द्वारा उनके मालीकी, स्वत्तव्य, आधिपत्य एवम कब्जे की सम्पत्ति जो की मकान न. 777/1, वार्ड नं. 14 मनकामनेश्वर, ग्राम बारद्वारी, राजगढ़ तहसील व जिला राजगढ़ (म.प्र.), पर श्री मांगीलाल विजयपुरिया पिता श्री जगन्नाथ वर्मा के द्वारा अपनी पति श्रीमती अनार बाई पति श्री श्री मांगीलाल विजयपुरिया को सह-स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-Registered Co-ownership Deed No. MP41IGR18202026A100061169 on Date 16.01.2026) है, तथा उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है। यह की उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा निम्नानुसार है उत्तर में छाव्रावास है, दक्षिण में आम रास्ता है, पूर्व में दरियावबाई का मकान है, पश्चिम पांचूलाल तंवर का मकान है।

यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस मे मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय मे आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

देवास, दिनांक : 13.04.2026

अभिभाषक अजय सेंधव
12, चामुण्डा काम्प्लेक्स, देवास (म.प्र.) 9753441943